**खबर संक्षेप**



### संयुक्त संचालक जबलपुर की टीम ने किया निरीक्षण

**उमरियापान।** सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उमावि उमरियापान में बुधवार को संयुक्त संचालक, संभाग जबलपुर की टीम ने औचक निरीक्षण किया। उप संचालक पी. पी. सिंह एवं सहायक संचालक आर. एस. ठाकुर ने निरीक्षण के दौरान कक्षाओं में विद्यार्थियों के अध्यापन कार्य का अवलोकन किया। बच्चों को पढ़ाकर उनकी शैक्षणिक समझ का आंकलन किया। प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी ली। विद्यालय के शिक्षकों की बैठक लेकर बेहतर शैक्षणिक परिणाम लाने हेतु चर्चा की। अधिकारियों ने प्रत्येक शिक्षक से उनकी शिक्षण रणनीति के बारे में जानकारी ली। आगामी परीक्षा परिणामों को और बेहतर बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। प्राचार्य मुकेश पटेल को निर्देश दिए गए कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष उत्कृष्ट परिणाम लाने कार्य करें अधिकारियों ने विद्यालय की रिटेल लैब, आईटी लैब, प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया।

## सुबह करीब 4 बजे अधिकारियों ने की टीम पहुंची, कार्यवाही से मचा हड़कंप

# माइनिंग कारोबारी एवं जिपं उपाध्यक्ष के घर कार्यालय एवं फैक्ट्री में आईटी टीम की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आयकर विभाग ने बुधवार तड़के माइनिंग कारोबारी व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा व उनके भाइयों के ठिकानों पर छापेमारी की। विभाग की टीम ने एक साथ घर, कार्यालय और अन्य परिसरों पर दबिश दी। भोपाल, इंदौर और जबलपुर की टीम के दो दर्जन से अधिक अधिकारी मौके पर पहुंचे जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। अशोक विश्वकर्मा के जालपा देवी वार्ड निवास व कार्यालय के साथ टिकरिया और सिघनपुरी स्थित माइंस में भी आयकर विभाग की टीम जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति और कर चोरी से जुड़े मामलों को लेकर की जा रही है। दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और लेनदेन की जांच जारी है। विभाग की ओर से अभी आधिकारिक बयान नहीं आया है।

आयकर विभाग की यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर की जा रही है। बताया जा रहा है कि अशोक विश्वकर्मा एक बॉक्साइट माइनिंग कारोबारी हैं और इसी से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार इस छापेमारी में जबलपुर, भोपाल सहित अन्य शहरों से आए आयकर विभाग के करीब 50 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्रवाई में लगे हुए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से सभी ठिकानों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।





आयकर विभाग की टीम ने एक साथ कई जगहों पर दबिश दी है, जिनमें जालपा देवी वार्ड गौतम मोहल्ला स्थित तीन आवास एवं कार्यालय, टिकरिया स्थित खदान अन्य माइनिंग ठिकाने, पानी की फैक्टरी, बरगवां स्थित होटल परिसर शामिल बताए जा रहे हैं। सभी स्थानों पर दस्तावेजों, लेन-देन और संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

जांच का मुख्य फोकस 'आय से अधिक संपत्ति' और माइनिंग कारोबार में हुए टर्नओवर पर है। टीमें बैंक खातों, लॉकर, जमीन के दस्तावेजों और पिछले कुछ वर्षों के आयकर रिटर्न का बारीकी से मिलान कर रही हैं। बताया जा रहा है कि डिजिटल डेटा और फाइलें भी जब्त की गई हैं। आयकर विभाग के अधिकारियों ने कोई भी आधिकारिक बयान देने से इनकार किया है। जब्त किए गए दस्तावेजों की संख्या और ठिकानों के विस्तार को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि जांच देर रात या आज तक भी जारी रह सकती है।



# गोदाम में अवैध रूप से भंडारित धान एवं गेहूँ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन करने के संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बुधवार को संयुक्त जांच दल द्वारा बड़वारा तहसील में औचक निरीक्षण कर अवैध रूप से भंडारित धान एवं गेहूँ जब्त किया गया।

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर गठित खाद्य, राजस्व एवं कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल द्वारा ग्राम अमाड़ी में किसान भारती बीज उत्पादक सहकारी सोसाइटी समिति मर्यादित अमाड़ी में 1466 बोरी में भंडारित 586.40 क्विंटल धान जब्त किया। वहीं गुप्ता ट्रेडर्स के गोदाम में 1256 बोरियों में अवैध रूप से भंडारित 502.40 क्विंटल धान एवं 78 बोरियों में रखा 31.20 क्विंटल गेहूँ जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये संबंधित की सुपुर्दगी में सौंपी गई। संबंधितों से धान उपज के संबंध में अभिलेख भी मांगें गये है।

समर्थन मूल्य पर धान बिक्री का अनुचित लाभ लेने वाले व्यापारियों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर है। प्रायः हर दिन संयुक्त जांच दल द्वारा कार्यवाहियों का सतत सिलसिला जारी है। आगे और भी बड़ी कार्रवाइयां प्रस्तावित हैं। कार्यवाही में तहसीलदार ऋषि गौतम, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी व मंडी सहायक उपनिरीक्षक विकास मिश्रा उपस्थित रहे।

**आबकारी अमले ने स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व ढीमरखेड़ा में की कार्रवाई**

# 1335 किलोग्राम महुआ लाहन, 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त, 18 प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त बहोरीबंद, स्लीमनाबाद और ढीमरखेड़ा में दविश दी गई। जिसमें 1335 किलोग्राम महुआ लाहन, 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 45 पाव देशी मदिरा जब्त की गई। तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कुल 18 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि टीम द्वारा वृत्त बहोरीबंद क्षेत्रांतर्गत ग्राम देहूँटा, चादनखेड़ा, बरही, बरतरी एवं साडा दविश के दौरान 25 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं प्लास्टिक के गुम्मों में लगभग 1020 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी के 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जब्त महुआ लाहन का सेंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।



इस कार्यवाही में आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशाराम उइके, सूर्यभान कोरी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी प्रकार वृत स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम बचैया, ककरहटा और पहाड़ीखेड़ा मं दबिश के दौरान 315 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई है। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च, के तहत 6 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जब्त महुआ लाहन का सेंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट किया गया।

इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, मंशा राम उइके, वृत स्लीमनाबाद प्रभारी, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, वृत बहोरीबंद प्रभारी, आबकारी उपनिरीक्षक केशव उइके एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

ढीमरखेड़ा वृत प्रभारी प्रवीण रतन बरकड़े सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी टीम द्वारा वृत ढीमरखेड़ा थानान्तर्गत ग्राम इटवा टोला, बांध, खम्हरिया, भटगवा, मंगेली में दबिश दी गई। इस कार्यवाही में 45 पांव देशी मदिरा जब्त की गई एवं आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

# नीम कोटेड 1390 मीट्रिक टन यूरिया खाद की रैक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्तमान में रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक बुधवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 1390 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 250 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 150 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 300 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद, सीएमएस ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी और सीएमएस बड़वारा को 50-50 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 90 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

# विद्यार्थियों को स्वेटर का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ग्राम पंचायत तेवरी की समाज सेवी संस्था युवाजन सेवा समिति के द्वारा शीतकाल समय में शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क स्वेटर, जूते, टोपा व मौजे का वितरण शुरू कर दिया गया है। बुधवार को युवा जन सेवा समिति के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला सैलारपुर एवं प्राथमिक शाला पिपरिया में युवाजन सेवा समिति, छात्र सभा के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अन्य विशिष्ट गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विद्यालय में अध्यनरत कक्षा पहली से आठवीं तक के 115 विद्यार्थियों को निशुल्क स्वेटर,मोजे, टोपे और जूते का वितरण किया गया। ठंड के इस मौसम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं जैसे गर्म कपड़े प्राप्त हुए उनके चेहरे की मुस्कान देखते ही बनती थी। गौरतलब है कि समिति द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण,स्वच्छता रैली, कम्बल वितरण कार्यक्रम, बाढ़ आपदा, नेकी की दीवार आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन समिति पदाधिकारी महेंद्र सिंह के द्वारा किया गया।



इस दौरान अवसर सिंह धुर्वे, रविन्द्रनाथ झारिया,समिति अध्यक्ष बसंत जायसवाल,सचिव रामशरण जायसवाल, उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता,महेंद्र सिंह ,जनअभियान परिषद समन्वयक अरविंद शाह,बलवीर सिंह, प्रशांत जैन, दिनेश झारिया,सुरेंद्र झारिया , बैजनाथ भूमिया आदि मौजूद रहे।

### अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 26 को

**कटनी।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार 26 दिसंबर को रोशन नगर स्थित शासकीय आईटीआई कटनी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला स्तरीय एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसिशिप मेला (युवा संगम) का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र एवं शासकीय आई.टी.आई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जावेगी।

## समन्वय से आवश्यकता अनुरूप कार्य करानें दिए निर्देश

# विद्युतीकरण कार्यों की मैदानी हकीकत का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों को सड़क प्रकाश व्यवस्था एवं आवागमन को बेहत बनानें हेतु नगर के अंबेडकर वार्ड में कराये गए विद्युतीकरण कार्य सहित जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग में कराये जानें वाले विद्युत्तीकरण, पोल शिफ्टिंग कार्य की मैदानी हकीकत का निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें बुधवार को निरीक्षण कर जायजा लेते हुए निगम अधिकारियों को जरूरी दिशा -निर्देश दिए।

निगमायुक्त नें अंबेडकर वार्ड स्थित सोनी के बगीचा के पास के नागरिकों की सुविधा हेतु निगम प्रशासन के माध्यम से कराये गए विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण कर विस्तृत जानकारी लेते हुए कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया गया। निरीक्षण के अगली कड़ी में निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा जगन्नाथ चैक से घंटाघर मार्ग पर आवागमन की बेहतर सुविधा के मद्देनजर विद्युत्तीकरण तथा पोल शिफ्टिंग के कार्यो का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया।



### 15 ट्रांसफार्मर एवं 30 पोल किये जाने से शिफ्ट

इस दौरान निगमायुक्त द्वारा ड्राइंग डिजाईन से स्थल पर कराये जाने वाले कार्यो का मिलान करते हुए सहायक यंत्री आदेश जैन एवं उपयंत्री मोना करेरा से मार्ग के पोल एवं ट्रांसफार्मर की जानकारी चाहे जानें पर बताया गया कि मार्ग के कुल 30 पोल एवं 15 ट्रांसफार्मर शिफ्ट किये जाने है। जिसपर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें एम.पी.ई.बी के अधिकारियों तथा नगर निगम के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यकता के अनुरूप ही स्थल पर विद्युत्तीकरण के कार्य कराये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मार्ग के अन्य विकास कार्यो की जानकारी भी निगमायुक्त द्वारा ली गई। इस दौरान सहायक यंत्री आदेश जैन, उपयंत्री मोना करेरा की मौजूदगी रही।

### करें नोटिस जारी

जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग के पोल शिफ्टिंग कार्य के निरीक्षण के दौरान ओम मेडिकल स्टोर के सामने बिना ढके भवन निर्माण कार्य होना पाये जाने तथा निर्माण सामग्री एवं धूल मार्ग में फैलने पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी करने तथा महाकाल गली के सामने मार्ग के किनारे कटे हुए बालों का ढेर पाए जानें पर संबंधित स्थानीय सैलून संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण** - 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछनी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता - नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहू पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण**- 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण** – 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाघमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण** - 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## तकनीकी कार्यों के संपादन हेतु उपयंत्रियों को सौंपे दायित्व

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1 तथा 2.0 के तकनीकी कार्यों को संबंधित कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री नोडल अधिकारी के संपूर्ण अधीक्षण व नियंत्रण के अधीन नियमानुसार कार्य संपादन करने हेतु निगम के तीन उपयंत्रियों को वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ नवीन कार्य दायित्वों का आवंटन किया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा जारी आदेशानुसार उपयंत्री जे.पी.सिंह बघेल को वर्तमान प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के ए.एच.पी घटक, द्वितीय चरण प्रेमनगर खिरहनी के कार्यो एवं 2.0 के ए.एचपी घटक से संबंधित कार्यों के संपादन का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव को प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के ए.एच.पी घटक, प्रथम चरण झिंझरी के कार्यों का दायित्व तथा उपयंत्री मोना करेरा को प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं 2.0 अंतर्गत बीएलसी घटक के कार्य हेतु दायित्व सौंपे जाकर संबंधितों को शासन, संचालनालय के निर्देशों के अनुरूप सौंपे दायित्वों का तत्काल प्रभाव से निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## 63 हितग्राहियों को 1.26 करोड़ की सहायता राशि

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय भोपाल से संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के जिले के 140 हितग्राहियों के खाते में 2.93 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। जिले के साथ ही उन्होंने नगर निगम कटनी के 63 हितग्राहियों के खाते में 1 करोड़ 26 लाख रूपये का अंतरण किया। कार्यालय कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में हितग्राहियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के संबोधन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया। संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये प्रदान किए जाते है। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रुपये प्रदान किये जाते हैं।

## ई-के.वाय.सी नहीं कराने पर योजनाओं के लाभ से होना पड़ सकता है वंचित

**कटनी।** शासन की योजनाओं से कोई भी पात्र नागरिक वंचित न रहने पाए इस हेतु नगर निगम कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालयों में समग्र पोर्टल पर नागरिकों के समग्र आई.डी से आधार नंबर की ई-के.वाय.सी. कराने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने संबंधित अधिकारियों को मिशन मोड पर शेष बचे नागरिकों की समग्र एवं आधार से लिंकिंग प्रक्रिया भी सुनिश्चित करते हुए शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने शेष बचे नागरिकों से समग्र आई.डी से आधार की ई-के.वाई.सी कराने की अपील करते हुए कहा है कि ऐसे नागरिक जिनके द्वारा समग्र आई.डी से आधार की ई-के.वाई.सी का कार्य पूर्ण नहीं कराया जा रहा है उनके भविष्य में शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

## प्रदीप त्रिपाठी बने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष

**स्लीमनाबाद।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रदेश में पार्टी की मजबूती के लिए



नए सिरे से कार्यकारिणी गठित की जा रही है जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष बनाये गए है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा स्लीमनाबाद ब्लॉक के लिए कांग्रेस नेता व जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी को दुबारा स्लीमनाबाद कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।उनकी नियुक्ति होने पर पार्टी कार्यकताओं ने बधाई दी। वही बहोरीबंद ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, रीठी ब्लॉक अध्यक्ष नदीम खान ओर बिलहरी उप ब्लॉक अध्यक्ष की जवाबदेही चिंतामन तिवारी को दी गई है।

### सुगम आवागमन में बाधा पहुंचाने पर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने की कार्यवाही

# अतिक्रमण एवं बेतरतीब पार्किंग पर कार्यवाही सामग्री की गई जब्त, 7500 रूपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के मुख्य मार्गो में अव्यवस्थित रूप से खडे वाहनों एवं अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने के लिए निगम के अतिक्रमण अमले ने कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूल किया गया। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा सर्वजनिक मार्गो में रखी कबाड़ सामग्री रखनें, नो पर्किंग जोन में अनाधिकृत रूप से वाहन खड़ा करनें सहित सहित विभिन्न मुख्य मार्गो में अतिक्रमण कर व्यवसाय करनें वालों पर समाग्री जब्ती एवं जुर्माने की कार्यवाही की जाकर नागरिकों को सुगम आवागमन मुहैया करानें के प्रयास किए गए।

### कबाड़ सामग्री की गई जब्त

शहर में सुगम आवागमन के लिए अतिक्रमण अमले द्वारा नगर भ्रमण के दौरान मिशन चौक स्थित मजार गली में कबाड़ व्यवसायी बदारूद्दीन उर्फ बल्लू द्वारा कबाड़ सामग्री रखकर आवागमन बाधित कर व्यवसाय करते पाए जानें पर सामग्री जब्ती की कार्यवाही करते हुए दोबारा सार्वजनिक मार्ग में कबाड़ सामग्री रखकर व्यवसाय करते पाए जानें पर वैधानिक कार्यवाही किये






जानें की हिदायत दी गई। नगर निगम के अतिक्रमण अमले एवं यातायात विभाग की संयुक्त कार्यवाही के दौरान मिशन चौक , सुभाष चौक, चांडक चौक और नगर निगम कार्यालय के सामनें नो पार्किंग जोन पर चारपहिया वाहनों को खड़ा कर आवागमन प्रभावित करने वालें वाहनों को क्रेन के माध्यम से स्थलों से अलग कराते हुए संबंधित वाहन मालिकों पर 3 हजार 500 रूपये के जुर्मानें की कार्यवाही प्रस्तावित की गई।

### यहां की गई जुर्माना कार्यवाही

बेहतर आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के मद्देनजर नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन की बुधवार रात्रि संयुक्त कार्यवाही के दौरान सुभाष चौक, बरही नाका, बिलैया तलैया सब्जी मंडी आदि क्षेत्रों के सार्वजनिक मार्गो के किनारे अस्थाई रूप से दुकान सामग्री रखकर आवागमन बाधित कर व्यवसाय करने वाले लोगों पर चार हजार रुपये का जुर्माना किया जाकर मार्ग को व्यवस्थित एवं सुचारू किया गया।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कार्यवाही का सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा। आपनें सार्वजनिक मार्गो को बाधित कर व्यवसाय न करनें तथा चिन्हित स्थलों पर ही वाहनों को खड़ा कर नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रखनें में सहयोग प्रदान करनें की अपील आमजनों से की है।



## बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशानुसार जिले भर में बैंकों एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षा मापदंडों की जांच कर उन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाना था। जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों अंतर्गत स्थित बैंकों एवं एटीएम की सुरक्षा जांच की गई। इस दौरान बैंक प्रबंधकों से सुरक्षा गार्डों की संख्या, उनकी 24×7 तैनाती एवं एटीएम की निगरानी व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान एटीएम पर तैनात सुरक्षा गार्डों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के प्रवेश करने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दें। साथ ही चेहरे पर मास्क, कपड़ा या अन्य तरीके से पहचान छुपाकर एटीएम में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों को अंदर प्रवेश न देने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशील स्थिति, बैंकों के अंदर-बाहर की सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा गार्डों की तैनाती का जायजा लिया गया। जहां सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त पाई गई, वहां बैंक प्रबंधन को उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए। कुछ एटीएम में सुरक्षा गार्ड की अनुपस्थिति पाए जाने पर शीघ्र गार्ड तैनात करने के निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान बैंक आने वाले उपभोक्ताओं को भी जागरूक किया गया तथा उन्हें सुरक्षित तरीके से धनराशि निकालने, ले जाने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के संबंध में समझाइश दी गई।

*बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम*

# बाल विवाह है एक गंभीर सामाजिक बुराई, समाज मे फैली इस कुप्रथा को करना है दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना बहोरीबंद के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9 से 12 की किशोरी बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए ब्लॉक समन्वयक ऋतुराज गुप्ता ने बताया कि जल्दी शादी आपकी पढ़ाई को विराम लगा देगा जिस से आपके खुद के पैरों पर खड़े होने का स्वप्न अधूरा रह जाएगा।आप आत्म निर्भर नहीं बन पाएंगी और परिवार , समाज को आप जो योगदान देना




चाहती है वह पूरा नहीं होगा।

सुपरवाइजर रानी ठाकुर ने बाल विवाह और कम उम्र में गर्भधारण के दुष्परिणाम को रेखांकित करते हुए बाल विवाह की रोक थाम हेतु कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।पर्यवेक्षक ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है!समाज मे इस कुप्रथा का स्वरूप भयावह है!इसलिए हम सभी को जागरूक होना पड़ेगा ओर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को खत्म करना है। लडके व लड़कियो का सही उम्र मे ही विवाह कराये। लडके की उम्र 21 वर्ष ओर लड़की की उम्र 18 वर्ष हो जाये तभी विवाह करें। बाल विवाह की रोकथाम अधिनियम 2006 की धारा 9,10,11एवं 13 के तहत बाल विवाह कराने, सहयोग देने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों सामाजिक संगठन के लिए दो वर्ष तक का कारावासअथवा एक लाख रूपये का जुर्माना लगेगा। महिला एवं बाल विकास द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल बनाया गया है। यह पोर्टल एक ऐसा अभिनव ऑनलाइन प्लेटफार्म है जो नागरिकों को बाल विवाह की घटनाओं की शिकायत दर्ज कराने ओर अन्य जानकारी प्रदान करने मे सक्षम बनाता है। इस अवसर पर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक ग्राम भ्रमण रैली भी निकाली गई जिसमें किशोर-किशोरियों ने हाथों में संदेशात्मक पोस्टर लेकर बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया।

### एचआईवी एड्स से बचाव के लिए हुई प्रतियोगिता



शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय की छात्राओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने पोस्टर निर्माण, नारा लेखन, रेड रिबन प्रतीक का निर्माण तथा मानव श्रृंखला बनाकर एड्स से बचाव का संदेश प्रसारित किया। ये गतिविधियां छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए आयोजित की गईं। रेड रिबन प्रतीक एड्स पीड़ितों के प्रति समर्थन और जागरूकता का अंतरराष्ट्रीय चिह्न है, जिसे छात्राओं ने प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स से डरना नहीं चाहिए, बल्कि इससे बचाव के उपाय अपनाने चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि छात्राएं न केवल स्वयं सुरक्षित रहें, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी एड्स के बचाव और सुरक्षा के तरीकों से अवगत कराएं।

# संकुल प्राचार्य ने लखाखेरा और झिंझरी स्कूल के प्रधानाध्यापकों को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

दिनांक 09/12/2025 को भीम आर्मी उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी ने शासकीय माध्यमिक शाला लखाखेरा को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा था कि शासकीय माध्यमिक शाला लखाखेरा में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। सोशल मीडिया में वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा सकता है कि छात्र-छात्राएं दरी धुलते नजर आ रहे हैं। और भी कई तरह की शिकायत की गई है । बच्चों से विद्यालय में झाड़ू लगवाई जाती है। छात्र-छात्राओं से थाली धुलाई जाती है। यदि यही सब काम बच्चे करेंगे तो पढ़ाई कब करेंगे। विद्यालय में गंदगी भी बनी रहती है। स्वच्छ साफ शौचालय नहीं है। शौचालय में पानी नहीं आता है जिस कारण विद्यार्थी विवश होकर खुले में शौच करने को मजबूर हैं। नन्हे मुन्ने बच्चों को खुले में शौच करने को मजबूर कर रही है। गेट में तारों का जाल फैला हुआ है। इससे अनहोनी घटना होने की संभावना बनी रहती है। नन्हे बच्चों का भविष्य अंधकार में डाला जा रहा है। विषय को संज्ञान में लेते हुए। संकुल प्राचार्य बड़वारा चंदन सिंह ने शासकीय माध्यमिक शाला लखाखेरा प्रभारी प्रधानाध्यापक को नोटिक भेजा और शिकायत के संबंध में स्पष्टीकरण के लिए कहा।

संकुल प्राचार्य बड़वारा ने शासकीय माध्यमिक शाला लखाखेरा प्रभारी प्रधानाध्यापक से 3 दिन के अंदर संकुल में समक्ष उपस्थित होकर सभी बिंदुवार स्पष्टीकरण मांगा । यदि समय सीमा पर जवाब प्रस्तुत नहीं करने या समाधान पूर्वक जवाब प्रस्तुत नहीं होने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी होगी. झिंझरी माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक को भी जारी की गई नोटिस भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष जयचंद सूर्यवंशी व कार्यकर्ताओं की शिकायत पर शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक को कार्य व दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही करने व छात्रों के शैक्षणिक कार्यों में उदासीनता बरतने विषयक भीम आर्मी द्वारा लिखित शिकायत करने पर बड़वारा संकुल प्राचार्य चंदन सिंह द्वारा पत्र देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है जबाब न देने पर एकपक्षीय कार्यवाही का लेख है।

*मांग पूरी नहीं होने पर लोकसभा में कराना पड़ा ध्यानाकर्षण*

# सांसद व्हीडी शर्मा ने लोकसभा में उठाई रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खजुराहो संसदीय क्षेत्र के यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से महत्वपूर्ण प्रश्न किया। सांसद शर्मा ने कटनी जंक्शन, स्लीमनाबाद, रीठी सहित संसदीय क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई।

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान सांसद श्री शर्मा ने जिन ट्रेनों के कटनी स्टेशन में स्टॉपेज की मांग की गई उनमें गाड़ी क्रमांक 11059-छपरा एक्सप्रेस, 22360-पटना सुपरफास्ट, 11015-सहरसा अमृत भारत, 12293-प्रयागराज एस्क्प्रेस, 11060-मुंबई एल.टी.टी. एक्सप्रेस, 22359- मुंबई सी.एस.एम.टी. एक्सप्रेस 11016- मुंबई एल.टी.टी. अमृत भारत एक्सप्रेस 12294- मुंबई एल.टी.टी. ए.सी. एक्सप्रेस शामिल हैं। इसी तरह रेवांचल एक्सप्रेस का स्टापेज रीठी रेल्वे स्टेशन पर तथा बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस का स्टापेज पटौहा स्टेशन पर करने की मांग सांसद वीडी शर्मा ने की।

सांसद ने जनता एक्सप्रेस 13301-13302, रीवा-इतवारी ट्रेन 11753-11754, जबलपुर-लखनऊ (चित्रकूट) एक्सप्रेस 15205-15206, जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस 11265-11266, जबलपुर गोंडवाना एक्सप्रेस 22181-22182, सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस 11651-11652 का स्टापेज स्लीमनाबाद स्टेशन पर करने गाड़ी क्रमांक 22190-22189 रीवा जबलपुर इंटरसिटी, 12182-12181 दयोदया एक्सप्रेस, 12190-12189 महाकौशल एक्सप्रेस का स्टापेज निवार स्टेशन पर करने की मांग लोकसभा में रखी। साथ ही पूछा कि इन स्टॉपेज को स्वीकृत कर लागू करने की क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है, क्योंकि इनसे स्थानीय यात्रियों, विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों तथा पर्यटन एवं तीर्थ यात्रियों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसी के साथ उन्होंने कहा कि कटनी जंक्शन जैसे महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन में कुछ ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने की ओर ध्यान दिलाया। साथ-साथ कटनी से जुड़े स्लीमनाबाद और रीठी जैसे स्टेशनों पर कुछ यात्री ट्रेनों के ठहराव की भी मांग की। सांसद ने कहा कि इससे क्षेत्रीय आवागमन सुगम होता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। इन स्टेशनों पर ठहराव बहाल होने से हजारों यात्रियों को प्रतिदिन सीधा लाभ मिलेगा।

सांसद श्री शर्मा ने यह भी उल्लेख किया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जनता द्वारा लगातार रेल मंत्रालय से ट्रेनों के स्टॉपेज पुनः प्रारंभ किए जाने की मांग की जा रही है। उन्होंने पूर्व में भी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत भेंट कर इस विषय में ज्ञापन सौंपा था, लेकिन विभागीय स्तर पर अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं होने के कारण उन्हें लोकसभा में यह ध्यानाकर्षण कराना पड़ा। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए पूर्व में जिन ट्रेनों का ठहराव इन स्टेशनों पर था, उन्हें बहाल किया जाए।

### शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने चल रहा काम

# विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने 9 जनशिक्षा केंद्रों में लग रहा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत शाला त्यागी बच्चों को मुख्य धारा में लाने हेतु एवं अपार आईडी खाता अपडेशन आदि के कार्य को शत प्रतिशत करने के लिए विकासखंड के 9 जन शिक्षा केंद्रों में शिविर चल रहे है!बुधवार को जन शिक्षा केंद्र स्लीमनाबाद मै शिविर आयोजित किया गया जहाँ समस्त शाला प्रभारियो की उपस्थिति मे व्यक्तिगत जानकारी लेकर कार्य कराया गया जिसमें 29 बच्चो की मेपिग, 18 डुप्लीकेट आई डी, 22 बच्चे परिवार सहित अन्यत्र जगहो मे पलायन कर चुके है।

बीआरसी प्रशांत मिश्रा ने बताया किचाइल्ड ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से ऑन स्पॉट एडमिशन हेतु चिन्हित छात्रों का विद्यालय में प्रवेश दिलाने, शत प्रतिशत छात्रों की अपार आई डी बनाने, यू डाइस के कार्य पूर्ण करने, फेल गणवेश खातों का सत्यापन सहित पोर्टल संबंधी अन्य कार्यों को पूर्ण कराने जन शिक्षा केंद्रों मै शिविर का आयोजन किया जा रहा है



क्योंकि अपार आईडी न बन पाने का मुख्य कारण बच्चों और उनके अभिभावकों के दस्तावेजों में एकरूपता का अभाव है। कहीं आधार कार्ड में नाम या जन्मतिथि की त्रुटि है, तो कहीं समग्र आईडी, जन प्रमाण पत्र या अंकसूची में भिन्नता दर्ज है। दस्तावेजों में नाम, पिता-माता का नाम अथवा वर्तनी अलग-अलग होने के कारण ऑनलाइन फीडिंग के दौरान दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं, जिससे न केवल विद्यार्थियों के काम अटक रहे हैं।

### ताकि दस्तावेजों में हो सके सुधार

इस समस्या के समाधान के लिए बहोरीबंद के सभी 9 जन शिक्षा केंद्रों शिविर लगाए जा रहे है ताकि बच्चों के आधार कार्ड एवं अभिभावकों के दस्तावेजों में सुधार किया जा सके। दस्तावेज दुरुस्त होने के बाद ही अपार आईडी तैयार हो पाएगी। अपार आईडी है जरूरी-अपार आईडी भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक विशिष्ट डिजिटल शैक्षणिक पहचान संख्या है। यह हर विद्यार्थी के लिए एक स्थायी अकादमिक खाता होता है, जिसमें उसकी पढ़ाई से जुड़ा पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहता है।

अपार आइडी से स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक का पूरा अकादमिक रिकॉर्ड एक ही आईडी में सुरक्षित, डिजिटल लॉकर की तरह सभी शैक्षणिक दस्तावेज सुरक्षित रहते हैं, ट्रांसफर या आगे की पढ़ाई में दस्तावेज जमा करने की झंझट कम, शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने में सहायक, छात्रवृत्ति, योजनाओं और उच्च शिक्षा में प्रवेश के समय आसानी। अपार आईडी विद्यार्थियों के भविष्य के लिए बेहद अहम है। ऐसे में अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन को चाहिए कि वे बच्चों के सभी दस्तावेजों में नाम व विवरण की एकरूपता सुनिश्चित करें, ताकि जिले का लक्ष्य पूरा हो सके और विद्यार्थी डिजिटल शिक्षा व्यवस्था का पूरा लाभ उठा सकें।



## बाल विवाह को रोकने किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा में बाल विवाह रोकथाम के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें महाविद्यालय बड़वारा में बाल विवाह रोकथाम विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल विवाह की शपथ दिलाई गई महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू द्वारा बाल विवाह अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम ,जेंडर संवेदीकरण ,बालक एवं बालिकाओं के प्रति हिंसा की रोकथाम इत्यादि विषय पर जानकारी दी गई।

विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर एल. के. सिंह, डॉ कल्पना सतनामी की उपस्थिति में बालक बालिकाओं को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई एवं निबंध इत्यादि प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर चयनित चयनित बालक बालिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए बाल विवाह जागरूकता का कार्यक्रम में श्रीमती अर्पिता प्यासी, श्रीमती रेशमा परवीन पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ज्योति निगम एवं काशी विश्वकर्मा उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण शाम के बाद हो

**पथरिया।** अनुविभाग अंतर्गत आने वाली आवासीय छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण बिना किसी सूचना के हो तो हकीकत मालूम चलें सूचना देकर पहुंचने से व्यवस्था सब ठीक-ठाक बन जाती है अनुविभागीय मुख्यालय में वैसे भी शाम 5 बजे के बाद कोई जिम्मेदार अधिकारी मुख्यालय पर नही रहता इसका फायदा हर कोई उठा रहा है जिला कलेक्टर से आग्रह है कि आकस्मिक निरीक्षण बिना सूचना के कोई भी जिम्मेदार अधिकारी से करा दें तो वास्तविकता सामने आ जाएगी कि रात में जिनकी जिम्मेदारी वह है या फिर सब ऐसे चल रहा है। शासन प्रशासन को अगर सच में सुधार लाना है तो नही हो तो फिर कागजी खानापूर्ती तो चलती रहती है।

### युवा संगम का आयोजन 23 दिसम्बर को

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग भोपाल एवं जिला प्रशासन दमोह के निर्देशों के तहत 23 दिसम्बर दिन मंगलवार को शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय जबलपुर रोड दमोह में निशुल्क निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा रोजगार के अवसर उपलब्ध करानें, प्रातः 11 बजे से रोजगार, स्वारोजगार एवं अप्रेन्टिस के अवसर उपलब्ध कराने हेतु पूर्णतः निशुल्क युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है।

### पंचतत्व में विलीन हुये चन्द्रभान

**दमोह।** जिला जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ चंद्रभान कटारिया का आकस्मिक निधन हो गया है, अंतिम संस्कार सीताबाबड़ी शमशान घाट में संपन्न हुआ। अंतिम संस्कार में



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित सम्मानीय मीडियाजन और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए । इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने श्री कटारिया के छोटे भाई और उनके दोनों बच्चों परिजनों से चर्चा की और कहा कि हर संभव सहायता मुहैया कराई जाएगी, बच्चों के पढ़ाई की फीस की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी और उनकी पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति देने की कार्रवाई समय-सीमा में की जाएगी।

कलेक्टर श्री कोचर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने की कार्यवाही

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रनेह के डॉक्टर्स स्टाफ एवं डीसीएम सहित 6 को कारण बताओ नोटिस जारी

**जवाब समाधान कारक न पाये जाने पर होगी कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुरक्षा कर्मी की सेवाएं समाप्त करने सेडमैप को दिये निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




जिले के विकासखण्ड हटा के ग्राम रनेह में 16 दिसम्बर 25 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में देर रात प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला श्रीमती रामप्यारी पति खेमचंद रैकवार की घटना जिला प्रशासन के समक्ष आने पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अठ्या ने डॉक्टर्स, स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ एवं डीसीएम सहित 06 को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है तथा आउट सोर्स कर्मचारी सुरक्षा कर्मी की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश म.प्र. उद्यमिता विकास केन्द्र (सेडमैप) अरेरा हिल्स भोपाल को दिये है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी किये गये कारण बताओ नोटिस के अनुसार बंधपत्र चिकित्सक पीएचसी रनेह डॉ सौरभ रंधवा, संविदा चिकित्सक पीएचसी रनेह डॉ. अनंत कुमार चौधरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हटा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमाशंकर पटैल, संविदा बीसीएम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हटा देवेन्द्र सिंह ठाकुर, संविदा स्टाफनर्स प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रनेह श्रीमती देवीकी कुर्मी, स्था. कार्यालय जिला दमोह संविदा डीसीएम ऋषिराज को पीएचसी रनेह बंद पाये जाने एवं कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन नहीं करने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। जारी नोटिस में कहा गया है कि जबाव समय सीमा में अथवा समाधान कारक न पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार म.प्र. उद्यमिता विकास केन्द्र (सेडमैप) अरेरा हिल्स भोपाल को आऊट सोर्स कर्मचारी सुरक्षा कर्मी राहुल असाटी की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के लिये निर्देशित किया गया है। ज्ञातव्य है प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रनेह हटा में 16 दिसम्बर को सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर ₹हटा ब्लाक के रनेह गांव से देर रात प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला के लिये अस्पताल का दरवाजा नहीं खुला और महिला ने घर वापिस जाते समय घर पहुँचने से पहले बच्चे को जन्म दिया के संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हटा द्वारा पत्र 16 दिसम्बर के माध्यम से प्रस्तुत प्रतिवेदन उपरांत सम्पूर्ण घटनाक्रम की जांच कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रनेह पहुँचकर सम्पूर्ण घटना की जांच की गयी जिसका पालन प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने पर यह कार्यवाही की गई है।

## छोटे भाई को गोली मारने वाले बड़े भाई को कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



न्यायाधीश पंकज कुमार वर्मा द्वारा छोटे भाई को गोली मारने वाले बड़े भाई को दोषी मानते हुए भादवि की धारा 307 में 8 वर्ष, आयुध अधिनियम की धारा 27 में 7 वर्ष एवं धारा 25 में 3 वर्ष के सश्रम कारावास सहित 18 सो रुपए के जुर्माना से दंडित किया है। मामले में मप्र शासन की ओर से पैरवी राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई। अभियोजन अनुसार मामला इस प्रकार है दिनांक 24 जून 2022 को सुबह 7 बजे थाना दमोह देहात अंतर्गत आने वाले ग्राम सरखड़ी का निवासी संतोष पटेल जो दिल्ली में रहने लगा था, पंचायत चुनाव में वोट डालने के लिए ट्रेन से सुबह 7 बजे दिल्ली से दमोह आया था और हिरदेपुर में रिश्तेदार रामकृष्ण पटेल की मोटरसाइकिल लेकर अपने गांव सरखड़ी पहुंचा। जब वह गांव में सुबह 10:30 बजे मोटरसाइकिल खड़ी करके मनोहर पटेल की किराना दुकान से बीड़ी खरीद रहा था। तभी उसका बड़ा भाई आरोपी रमेश पटेल पिता भगवान दास पटेल (67) वहां आया दोनों के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। इस बात को लेकर रमेश पटेल ने संतोष पटेल से कहा कि तू फिर दिल्ली से आ गया है आज तुझे जान से खत्म कर दूंगा। कहकर उसने कमर की पीछे से बंदूक निकालकर जान से खत्म करने की नीयत से संतोष को सीने में गोली मार दी। संतोष के गिर जाने पर आरोपी वहां से चला गया। घटनास्थल पर गांव के लोगों ने आकर संतोष को उठाकर अस्पताल पहुंचाया संतोष की गंभीर हालत देखकर उसे जबलपुर रेफर किया गया जहां इलाज से उसकी जान बच सकी। घटना की रिपोर्ट थाना दमोह देहात में लिखी गई। मामला न्यायालय में आने पर अभियोजन ने प्रकरण के समर्थन में 11 साक्षी पेश किये, वहीं आरोपी की ओर से न्यायालय में बताया गया कि उसका भाई संतोष से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था जिसका मामला भी न्यायालय में चला था इस विवाद के कारण जब पंचायत चुनाव के दौरान किसी व्यक्ति से विवाद होने पर उसे चोट लग गई तो पूर्व रंजिश के कारण उसे झूठ फसाया गया है। प्रकरण में त्रुटिपूर्ण विवेचना कार्रवाई हुई है, पुलिस ने घायल के शरीर से गोली या छर्रे जप्त नहीं किए है।

इस कारण से मामला 307 का भी नहीं माना जा सकता। न्यायालय द्वारा निर्णय मे लेख किया है कि धारा 307 के मामले में यह आवश्यक नहीं है की आहत को गंभीर चोट हो मात्र जान से मारने की नीयत से हमला करना ही धारा 307 की अपराध को आकर्षित करता है। जहां तक पंचायत चुनाव में किसी और व्यक्ति से विवाद के कारण उसे फसाने की बात है तो यह आरोपी को ही बताने का दायित्व था कि किस व्यक्ति से घायल का विवाद हुआ है। ऐसे में उसके सभी तर्क अमान्य करते हुए आरोपी रमेश पटेल को कारावास और जुर्माना की सजा सुनाई जाती है।

## लीनेस क्लब दमोह की नई कार्यकारिणी का गठन, रजनी खरे अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



लीनेस मैत्री क्लब दमोह की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में कोर कमेटी सदस्यों ने आपसी विचार-विमर्श के बाद पदाधिकारियों का चयन किया। निर्णय के अनुसार श्रीमती रजनी खरे को क्लब की अध्यक्ष, श्रीमती ज्योति चिले को सचिव तथा श्रीमती माया यादव को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी सदस्यों ने श्रीमती रजनी खरे के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास जताते हुए उन्हें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में पूर्व एरिया ऑफिसर रोज़ी बग्गा, पूर्व अध्यक्ष स्मृति खरे, अनीता टंडन, ज्योति सचदेव एवं रिमी जुनेजा सहित कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर क्लब के आगामी कार्यक्रमों, सामाजिक गतिविधियों तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। नई कार्यकारिणी से समाजसेवा के क्षेत्र में सकारात्मक और प्रभावशाली योगदान की अपेक्षा जताई गई।

## युवक क्रांति संगठन की महिला शाखा का हुआ गठन अंतिम सराफ अध्यक्ष, रेखा सिंघई बनी सचिव

**दमोह।** जिले में सामाजिक/ सांस्कृतिक/ रचनात्मक कार्यों में सक्रिय युवक क्रांति संगठन के संयोजक सुधीर विद्यार्थी,अध्यक्ष दिनेश प्यासी महासचिव



मनोज जैन के द्वारा संगठन की महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमति अंतिम सराफ,एवं महासचिव श्रीमति रेखा सिंघई को मनोनीत किया गया है। उक्त नियुक्ति पश्चात अध्यक्ष अंतिम सराफ द्वारा शीघ्र कार्यकारिणी गठन की जानकारी देते हुए बताया गया। कि संगठन द्वारा ब्लड डायरेक्ट्री का प्रकाशन किया जा रहा है इस संदर्भ में महिला शाखा द्वारा शीघ्र ही एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा, जिसमें रक्तदान-महादान की भावना को लेकर एक वृहत शिविर का भी आयोजन किया जायेगा।

## लोकसभा स्तरीय चेस एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन



**दमोह।** दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी के नेतृत्व में लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय चेस एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का एक दिवसीय आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अतिथि के रूप में हेमंत छाबड़ा, रामलाल उपाध्याय, सतीश जैन बाबा, गोपाल पटेल, जुगल अग्रवाल, देवकी नंदन पटेल, राघवेंद्र सिंह परिहार, जय हजारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। एक दिवसीय प्रतियोगिता में टेबल टेनिस स्पर्धा में 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चेस प्रतियोगिता में 72 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर दोनों खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद राशि, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद खेल महोत्सव के प्रभारी, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## गणतंत्र दिवस से पहले स्टेडियम का होगा कायाकल्प, अभी से शुरू होंगी तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर स्थानीय स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने स्टेडियम की बाउण्ड्री वॉल, गेट एवं मैदान के साथ स्टेज को ठीक कराने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया 26 जनवरी गणतंत्र दिवस में अब लगभग एक माह 10 दिन का समय शेष है। हर वर्ष अंतिम समय में तैयारियां करने की स्थिति से बचने के लिए इस बार पहले से ही तैयारियों का जायजा लेने और कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया है, ताकि गणतंत्र दिवस तक सभी व्यवस्थाएं बेहतर स्वरूप में पूर्ण हो सकें। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया स्टेडियम की पूरी बाउंड्री वॉल का पीडब्ल्यूडी के माध्यम से मरम्मत कार्य कराया जाएगा तथा रंग-पुताई कराई जाएगी। इसके साथ ही स्टेज को और चौड़ा किया जाएगा। अंदर बने वेटिंग एरिया के टॉयलेट सहित अन्य सुविधाओं की भी मरम्मत कराई जाएगी। आमजन को बेहतर पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हॉकी टर्फ के सामने स्थित खाली क्षेत्र को जेसीबी से समतल कर व्यवस्थित किया जाएगा। उन्होंने कहा सभी संबंधित विभागों को अभी से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि 15-20 दिनों के भीतर व्यवस्थाएं अच्छी स्थिति में लाई जा सकें।

उन्होंने बताया इस बार गणतंत्र दिवस पर स्टेडियम नए स्वरूप में नजर आएगा। इसके अलावा अग्निवीर, सेना एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में एथलेटिक्स की तैयारी करने वाले युवाओं की मांग को देखते हुए मुरम का टर्फ बनाए जाने का प्रस्ताव भी है, जिस पर 26 जनवरी के बाद कार्य शुरू किया जाएगा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस के प्रोग्राम को लेकर आज स्टेडियम में चर्चा हुई हैं। कलेक्टर साहब और सभी विभाग के अधिकारी यहाँ मौजूद रहे हैं। अभी से हम लोगों ने समय लेकर के क्या इसमें सुविधाएँ और देनी हैं, पिछली बार की जो हमारी सीख थी उसमें जो बदलाव करने हैं, बहुत सारी और नई चीज़ें एड की जा रही हैं और पूरे प्रोग्राम को हम और कितने सुचारू रूप से करवा सकते हैं, उसके लिए एक काफी अच्छी चर्चा हुई हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने कहा पार्किंग को लेकर पिछली बार कुछ विषय आया था जिसमें प्रोग्राम शुरू होने के बाद बहुत सारी गाड़ियाँ जो हैं, वो बेतरतीबी से यहाँ-वहाँ लोगों ने पार्क कर दी थीं, उसमें क्या सख़्ती करनी हैं और पार्किंग की कुछ नई जगह बनानी हैं, उस पर भी चर्चा हुई हैं और आज लगभग अभी हमारे पास एक महीने का समय है, एक महीने से ज़्यादा समय हैं। उम्मीद हैं, कि इन चीज़ों को समय से कंप्लीट कर लेंगे और अच्छा प्रोग्राम करवाएँगे।

## नन्दे चौरसिया बने ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष

**पटेरा।** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिलाध्यक्ष मानक पटेल ने अंततः ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों की सूची घोषित कर दी है। जिसका स्वागत किया जा रहा है। पटेरा में नगर के



उर्जावान सक्रिय कर्मठ कार्यकर्ता नन्दे चोरसिया को उक्त पद से नवाजा गया है। जानकारी मिलते ही हटा तिराहे पर युवा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। नन्दे को बधाई देने कार्यकर्ताओं की भीड़ उनके यहां पहुंची नन्दे चौरसिया ने पार्टी नेतृत्व की मंशानुसार सभी को साथ ले कर चलने की बात कही है। उन्हे बधाई देने वालों में पनव पालीवाल, महेश सेठ, समशुदीन पहलवान, राजू बजाज, राजेंद्र जैन, गब्बू खान, महेश दुबे, मोहन ताम्रकार, मुकेश विश्वकर्मा, मगन आदिवासी, हरीशंकर पटैल, कमलेश ताम्रकार, सौरभ ताम्रकार, नितीन ताम्रकार, हनी ताम्रकार, शिवम चौरसिया, पवन चौरसिया, अतुल जैन, धर्मेंद्र जैन, अभिषेक जैन, कलीमुद्दीन खान, मुन्ना बशंल, गनपत कोरी, बाले अहिरबाल, दिलीप अहिरबाल, सिद्धि विश्वकर्मा, आशुतोष दुबे,जितेंद्र सिंग,पंकज रैकवार आदि ने बधाई दी।

## प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**दमोह।** पंचायत उप-निर्वाचन 2025 के लिए नियुक्त प्रेक्षक आईएएस सेवानिवृत्त शैलेन्द्र कियावत द्वारा कुम्हारी क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने जिला पंचायत क्षेत्र कमांक-10 के तहत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक-22 गाता, मतदान केन्द्र कमांक -23, 24, 25, 26, 27 कुम्हारी, मतदान केन्द्र क्रमांक-14 धनगुंवा, मतदान केन्द्र क्रमांक-15 कालाकोट एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 18, 19 देवरीरतन क्षेत्र के आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उक्त मतदान केन्द्रों पर मतदान हेतु सभी उपयुक्त व्यवस्थाएँ उपलब्ध हैं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल एवं उपयंत्री शरद खरे मौजूद रहे।

## जपं सभागार में मनाया पेंशनर्स डे



**जबेरा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशन में जनपद पंचायत सभागार में तहसील शाखा जबेरा के पेंशनरों द्वारा पेंशनर दिवस के अवसर पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के पिता भाव सिंह लोधी,कार्यक्रम के अध्यक्ष भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक रंजन,बैंक पीओ सुश्री शुभी गुप्ता, विशेष अतिथि जगदीश प्रसाद चौबे, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर,मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामेश्वर पटेल की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत उपस्थित पदाधिकारी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन केशव प्रसाद मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाव सिंह लोधी, बीपी खरे सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने उद्बोधन दिए। इसके उपरांत पेंशनरो द्वारा भी अपनी मांग रखते हुए राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के नाम उनके पिता भाव सिंह लोधी को एक ज्ञापन सोपा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा 80 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनरों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम व्यवस्थापक तखत सिंह चौहान द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोकसभा स्तरीय सांसद खेल ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर माही वाजपेई को उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जबेरा सहित आसपास के ग्रामों के पेंशनरों की उपस्थिति रही।

## वरिष्ठ पेंशनरों पर पुष्पवर्षा कर मनाया पेंशनर्स दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पेंशनर एसोसियेशन हटा द्वारा बुधवार को नगर की उमाश्री पैलेस में वरिष्ठ पेंशनर शिक्षाविद डॉक्टर श्यामसुंदर दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में जिला अध्यक्ष जगदीश चौबे की उपस्थिति में एक गरिमामय आयोजित कार्यक्रम कर भव्यता पूर्वक पेंशनर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन अर्चन कर किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष जगदीश चौबे ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन शक्ति से हम सरकार के समक्ष रखने पर सुनवाई होती है जिससे संगठन और मजबूत होता है। इसके पूर्व डॉक्टर श्यामसुंदर दुबे ने पेंशनरों को संबोधित किया। इसके उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित सीनियर सिटीजन वरिष्ठ पेंशनरों को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगभग 200 पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हटा पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहरलाल राय, सचिव हरिराम सेन, गोपीलाल तंतुवाय, प्रमोद कुमार पटेरिया, पीएल उपाध्याय के अलावा नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के पेंशनरों की उपस्थिति रही।

## पेंशनर्स एसोसिएशन हिण्डोरिया शाखा की बैठक संपन्न

**हिण्डोरिया।** स्थानीय गायत्री स्कूल में पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल की उप तहसील शाखा हिंडोरिया की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक शाखा हिंडोरिया के सत्येंद्र सिंह ने उपस्थित होकर सभी पेंशनर्स को पेंशन संबंधी दिक्कतों एवं सुविधाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी के साथ सुझाव दिये। बैठक में पूरनलाल नामदेव, डीपी चौरसिया मासाब, हाजी नवाब खान (आरआई) मासाब इमरत लाल,मुन्नालाल मासाब, नारायण सिंह, राम सिंह, मुस्ताक खान, राम सिंह शिक्षक, धनीराम चौरसिया, उमाशंकर धनगर, हर प्रसाद, बैजनाथ पटेल, घनश्याम अठया, गोविंद सेन आदि पेन्शनर्स सदस्य मौजूद रहे।

## पटेरा में समारोह पूर्व मनाया गया पेंशनर्स दिवस

**पटेरा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन मप्र तहसील पटेरा में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी पेंशनर्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नरेन्द्र बजाज हरिभूमि जिला ब्यूरो चीफ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें सभी विभागो के पेंशनर्स साथी उपस्थित हुये एवं अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। तहसील अध्यक्ष मोहन ताम्रकार द्वारा समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपक ताम्रकार, उपाध्यक्ष नप पटेरा, रामकिशोर खरे प्रांतीय सचिव, महेश जैन महामंत्री, शब्बीर मुहम्मद, कोषाध्यक्ष, प्रकाश गुप्ता सचिव, तखत सिंह राजपूत, शालकराम शुक्ला, सीताराम पटैल, रविशंकर रैकवार, गफ्लू पटवारी, नन्नूराम





अठया, नन्नूलाल अहिरवार, राममनोहर श्रीवास्तव, प्रकाश गर्ग, कोमल सिंह परिहार, परषोत्तम तंतुवाय, कमल खरे, परषोत्तम गौंड, तुलसा तंतुवाय, अनीता खरे, द्रोपदी कोरी, कमल किशोरी चौबे, शिक्षा विभाग के पेंशनर्स के 8.10 वर्ष से लंबित आर्थिक प्रकरण नहीं सुलझाये जा रहे है जिससे पेंशनरों में आक्रोश दिखाई दिया। भारतीय स्टैट बैंक शाखा पटेरा द्वारा भी कार्यक्रम आयोजन में कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है जबकि उक्त कार्यक्रम पर्व के शाखा प्रबंधको द्वारा आयोजित किया जाता रहा है।

### एसबीआई शाखा में पेंशनर्स हो रहे परेशान

पटेरा एसबीआई शाखा में जाने वाले पेंशनर्स को यथोचित सहयोग नहीं किया जाता है। वह दिन भर परेशान हो कर ही अपना कार्य करा पाते है। उन्हे प्रथक से कोई विन्डो व्यवस्था नहीं है। पूर्व के अधिकारियों द्वारा सहयोग किया जाता था लेकिन वर्तमान में पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर कोई सकरात्मक सहयोग नहीं किया जाता है जिससे पेंशनर्सो ने आक्रोश जताया।